web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 10 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-248

## केरल से देश के दूसरे हिस्सों में दाखिल हुआ दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून



**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** एक हफ्ते की देरी से केरल में आए दक्षिणी-पश्चिमी मानसून को लेकर रविवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि मानसून दक्षिणी अरब सागर, लक्षद्वीप के अधिकांश हिस्सों और केरल और दक्षिण तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ा है। अगले 48 घंटों में यानी मंगलवार तक पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही थीं। केरल में मानसून के 1 जून से आने के आसार थे, लेकिन इसने एक सप्ताह की देरी के साथ शनिवार को केरल तट पर दस्तक दी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा रविवार को जारी बयान के अनुसार, मंगलवार तक दक्षिणी अरब सागर, लक्षद्वीप और केरल, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व, पूर्व-मध्य और उत्तर-पूर्व व पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। हवा की रफ्तार के 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ने के आसार को देखते हुए आईएमडी ने मछुआरों के लिए जारी किए गए दिशानिर्देशों में उन्हें उपर्युक्त क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

### मंगलवार तक नहीं मिलेगी उत्तर भारतीयों को गर्मी से राहत, मौसम विभाग की चेतावनी

केरल तट पर मानसून ने एक हफ्ते की देरी से दस्तक तो दे दी है, लेकिन देश के कई इलाकों में गर्मी का प्रकोप अभी भी जारी है। उत्तर भारत के लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी, यहां 11 जून के बाद ही मानसून के आने की संभावना है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के अलावा मध्य भारत और दक्षिण भारत में भी गर्मी का कहर जारी है और यहां पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। यहीं नहीं राजस्थान में तो तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के भी पार जा चुका है। आरएनएस के अनुसार भारतीय मौसम विभाग का कहना है कि करीब एक सप्ताह में केरल से होते हुए देश के अन्य हिस्सों में मानसून पहुंचेगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हरियाणा और पंजाब में 11 जून के बाद ही प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी, जब पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश होगी। वहीं, पूर्वोत्तर में मौसम की स्थिति मानसून के अनुकूल होने से असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश के आसार हैं। देश के अन्य हिस्सों में मानसून के पहुंचने पर ही लोगों को बढ़ते तापमान से राहत मिलेगी। इस समय देशभर में गर्मी पूरे चरण पर है और महाराष्ट्र इस साल गंभीर सूखे की चपेट में है। राज्य के बांधों में महज 7.7 फीसदी पानी बचा है, जो बीते दस सालों में सबसे न्यूनतम स्तर है। मध्य प्रदेश में देवास के पंजापुरा वन क्षेत्र में 9 बंदरों की गर्मी के चलते मौत हो गई।

## वॉशरूम समझकर विमान का इमर्जेंसी गेट खोला, मची अफरा-तफरी




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की एक उड़ान में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला यात्री ने वॉशरूम समझ कर इमर्जेंसी गेट खोल दिया। घटना तब हुई जब यह विमान मैनचैस्टर हवाई अड्डे के रनवे पर खड़ा था। उसी दौरान महिला यात्री ने बटन दबा दिया जिससे आपातकालीन निकास द्वार खुल गया।

पीआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, पीआईए की मैनचैस्टर उड़ान पीके 702 में 7 घंटे की देरी हुई। रवानगी शुक्रवार रात में विलंबित हुई जब विमान की एक यात्री ने गलती से विमान का आपातकालीन निकास द्वार खोल दिया जिससे आपातकालीन ढलान सक्रिय हो गया। घटना के बाद मानक संचालन प्रक्रिया के तहत करीब 40 यात्रियों को उनके सामान के साथ विमान से नीचे उतारा गया। विमानन कंपनी ने कहा कि यात्रियों के परिवहन और होटल में ठहरने का इंतजाम किया गया और बाद में उन्हें अन्य उड़ान से भेजा गया। पीआईए के मुख्य कार्यकारी एयर मार्शल अरशद मलिक ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। पाकिस्तान की राष्ट्रीय विमान कंपनी वर्षों से घाटे में चल रही है और सरकार उसकी हालत सुधारने का प्रयास कर रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### राहुल ने अपने जन्म के समय मौजूद नर्स से की मुलाकात

नईदिल्ली,09 जून (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को केरल यात्रा के दौरान उस नर्स से मुलाकात की जो दिल्ली के एक अस्पताल में उनके जन्म के समय मौजूद थी। उन्होंने अपनी यात्रा के तीसरे दिन कोझिकोड में 72 वर्षीय सेवानिवृत्त नर्स राजम्मा से भेंट की और उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। इस मौके पर गांधी भावुक हो गए और उन्होंने राजम्मा को गले लगा लिया।सबसे पहले उन्होंने ही राहुल को गोद में उठाया था। गांधी वायनाड में लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे तो राजम्मा ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। गौर तलब है कि राजम्मा मूल रुप से वायनाड की रहने वाली हैं।

### पाकिस्तान लौटे शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ रविवार को कड़ी सुरक्षा और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के बीच पाकिस्तान लौट आए। डॉन न्यूज के मुताबिक, शरीफ लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। एक रैली की तरह, पीएमएल-एन पार्टी के कार्यकर्ता हवाई अड्डे से उन्हें मॉडल टाउन स्थित आवास तक ले गए, जहां मिठाई बांटी गई। शरीफ के आगमन से पहले, बड़ी संख्या में पीएमएल-एन पार्टी कार्यकर्ता, सांसद और वरिष्ठ नेता रात में हवाई अड्डे पर पहुंचे। शरीफ ने लाहौर उच्च न्यायालय के आदेश पर नो-फ्लाई सूची से अपना नाम हटाए जाने के बाद 9 अप्रैल को लंदन यात्रा करने की घोषणा की थी। पार्टी के सूत्रों ने उस समय कहा था कि उनका इरादा 10-12 दिनों के भीतर लौटने का है। भ्रष्टाचार और बेईमानी को लेकर शरीफ पर अदालती मुकदमे हैं।

### नाइजीरिया में बस और ट्रक की टक्कर में 18 लोगों की मौत

**लागोस।** नाइजीरिया के ओंडो में अकुरे-ओवो एक्सप्रेसवे पर एक यात्री बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। नाइजीरिया के समाचार पत्र पल्स के रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह हादसा शनिवार सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर हुआ। जब ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और विपरीत दिशा से आ रही बस से उसकी भिडंत हो गयी। लागोस पुलिस प्रवक्ता फेमी जोसेफ ने कहा कि ट्रक सड़क पर गड्ढे से बचने की कोशिश में उसकी विपरीत दिशा से आ रही बस से आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई और इसके बाद बस आग की लपटों में घिर गई। जोसेफ ने कहा कि ट्रक और बस की भिडंत में ट्रक चालक और उसका सहायक इस हादसे में बच गये और दुर्घटना के बाद वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि अकुरे में ओंडो जनरल अस्पताल में पीड़ितों के शवों को शवगृह में रखा गया है।

### बस दुर्घटना में मारे गए भारतीयों के शव स्वदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी

**दुबई।** दुबई में गुरुवार को हुए भयावह बस हादसे का शिकार बने भारतीयों के शवों को स्वदेश भेजने की प्रक्रिया रविवार को पूरी हो गई। एक अधिकारी ने गल्फ न्यूज को बताया कि एयर इंडिया की उड़ान में अंतिम तीन शवों को भेजे जाने के साथ 11 भारतीयों को स्वदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी हुई। विमान रविवार को दुबई से तड़के 3.39 बजे मुंबई के लिए रवाना हुआ। इस बीच, सबसे कम उम्र की पीड़िता 22 वर्षीय रोशनी मूलचंदानी के परिवार ने शनिवार शाम को जेबेल अली क्रेमेटोरियम में उनका अंतिम संस्कार किया। मस्कट-दुबई बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मरने वाले 17 लोगों में से 12 की पहचान भारतीय नागरिक के रूप में हुई थी। बस में 31 यात्री सवार थे।

## शाह ने राज्यों के नेताओं की बुलाई बैठक

### » संगठन चुनावों पर हो सकती है चर्चा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय गृहमंत्री बनने के बाद अमित शाह बैठकें कर रहे है और अब उन्होंने 13 और 14 जून को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के संगठन से जुड़े प्रमुख नेताओं की दिल्ली में बैठक बुलाई है। इस दौरान पार्टी के संगठन चुनावों को लेकर चर्चा की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार मीटिंग में संगठन मंत्रियों को बुलाया गया है। संगठन के चुनाव पार्टी की सभी राज्य यूनिटों में होंगे। हालांकि हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे राज्यों में इसे टाला जा सकता है, जहां जल्दी ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। राज्यों के चुनाव राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन से पहले होते हैं।

उनका तीन साल का कार्यकाल इस साल की शुरुआत में ही खत्म हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें 6 महीने का कार्यकाल विस्तार दे दिया गया था। उन्होंने गृह मंत्री बनने के बाद से कई दिग्गज नेताओं का मानना है कि वह पद छोड़ देंगे। हालांकि बीजेपी की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इस बीच पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना सदस्यता अभियान चलाने का भी फैसला लिया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले ही इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने चर्च में ईस्टर धमाकों में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**कोलंबो।** प्रधानमंत्री मोदी रविवार को श्रीलंका दौरे पर पहुंचे. श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया. पीएम मोदी इसके बाद कोलंबो के एंथनी चर्च पहुंचे, जहां उन्होंने ईस्टर धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी. इसके पश्चात पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया. इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति सिरीसेना मैत्रीपाला मौजूद रहे. मोदी ईस्टर के मौके पर हुए विस्फोटों के बाद श्रीलंका की यात्रा करने वाले किसी भी देश के पहले नेता हैं. इस हमले में 250 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें 11 भारतीय थे.

बता दें कि पीएम मोदी श्रीलंका के संक्षिप्त दौरे पर पहुंचे हैं. उनका श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना के साथ मुलाकात का कार्यक्रम है. इसके बाद वह श्रीलंका के विपक्षी नेता महिंदा राजपक्षे और फिर तमिल राष्ट्रीय गठबंधन के नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे. पीएम मोदी की श्रीलंका की यह तीसरी यात्रा है. इससे पहले, उन्होंने 2015 और 2017 में श्रीलंका की यात्रा की थी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा था कि शनिवार से शुरू हो रही मालदीव और श्रीलंका की उनकी यात्रा से भारत द्वारा च्पड़ोसी पहलेज् नीति को दिया जाने वाला महत्व प्रतिबिंबित होता है और इससे समुद्र से घिरे दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे.

पीएम मोदी ने ईस्टर हमलों की आलोचना करते हुए कहा कि भारत के लोग श्रीलंका के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं, जिन्होंने ईस्टर के दिन भीषण आतंकवादी हमले के मद्देनहर बड़ी पीड़ा और विनाश का सामना किया. उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में श्रीलंका का पूर्ण समर्थन करते हैं.

## पाकिस्तान में फसी महिला अपने भारतीय पति से मिली, पीएम मोदी व सुषमा का किया धन्यवाद

### » तीन महीने से पाक में फंसी रही महिला



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पुलवामा हमले की कार्रवाई के बाद भारत व पाकिस्तान दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया और युद्ध जैसी स्थिति बन गई। इसी वजह से दोनों देशों के कई लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस तनाव के कारण एक महिला को तीन महीने पाकिस्तान में गुजारने पड़े।

करीब तीन महीने पाकिस्तान में गुजारने के बाद महिला 30 मई को हैदराबाद पहुंची और अपने पति से मिलकर बेहद खुश हुई। पति से मिलने के बाद महिला ने पीएम मोदी और तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को धन्यवाद दिया। महिला ने कहा, मेरी ख्वाहिश थी कि मैं ईद अपने परिवार वालों के साथ हैदराबाद में मनाऊं। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे अपने परिवार के साथ ईद मनाने का मौका मिल गया। महिला ने कहा, मैं अपने मामले को उठाने और वीजा हासिल करने में मदद के लिए तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद करती हूं।

बता दें कि महिला का नाम है सुमैरा है, जो कि पाकिस्तानी मूल की हैं। 2011 में उनकी शादी हैदराबाद के रहने वाले शैक एजाज मोहियुद्दीन से हुई थी। वह अपने दो बच्चों के साथ अपने पिता को देखने के लिए पाकिस्तान गई थी। सुमैरा को 27 फरवरी को लाहौर लौटना था, लेकिन भारत-पाक के बीच तनाव के कारण विमान उड़ान नहीं भर सका। इस कारण उन्हें 5 दिन तक लाहौर एयरपोर्ट पर रुकना पड़ा।

सुमैरा ने बताया कि जब उन्होंने अपने पति और सास को इस स्थिति के बारे में बताया तो, उन्होंने (पति और सास) विदेश मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप करने को कहा। इसके कुछ दिनों बाद उनका और उनके बच्चों का वीजा एक्सपायर हो गया।

## मासूम का अपहरण कर हत्या, आरोपी की हुई पहचान



**भोपाल (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक ढाई साल की बच्ची की नृशंक हत्या के बाद अब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक एक आठ वर्षीय मासूम का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। कमलानगर थाना क्षेत्र की मंडवा बस्ती में रहने वाले परिवार की आठ वर्षीय बालिका शनिवार की रात अपने घर से सामान लेने बाहर गई थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। आसपास के क्षेत्रों में परिजनों ने बच्ची की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रविवार की सुबह उसका शव क्षेत्र के ही एक नाले में मिला। पुलिस ने आरोपी की पहचान करने का दावा किया है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया, वहीं क्षेत्र में तनाव के माहौल को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, एक आरोपी की पहचान कर ली गई है, साथ ही सबूत भी मिल गए हैं। पुलिस को बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का शक है, अभी चिकित्सा रिपोर्ट आनी बाकी है। भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, मासूम की हत्या की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची और शोक व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## पूर्व बीजेपी सांसद शीला गौतम का निधन, योगी ने जताया शोक



**लखनऊ (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी से अलीगढ़ की चार बार सांसद रह चुकीं शीला गौतम का कल देर रात निधन हो गया। 88 वर्षीया शीला गौतम करीब छह महीने से बीमार चल रही थीं। सांस में तकलीफ के कारण उनको दिल्ली में पीएसआरआई हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। कल देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना से अलीगढ़ में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, शीला गौतम एक अत्यन्त लोकप्रिय जनप्रतिनिधि थीं। उन्होंने लोक सभा में चार बार अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। वह हमेशा अपने क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहती थीं। गरीब और असहाय जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा संघर्षशील रहीं। उनके निधन से जनता ने अपना एक सच्चा हितैषी खो दिया है। उनकी कमी की भरपाई नहीं की जा सकती।

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए गौतम के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है। शीला गौतम का पार्थिव शरीर अभी दिल्ली स्थिति उनके आवास पर है। सोमवार को दिल्ली में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि शीला गौतम की तबीयत अधिक खराब होने पर उनको 16 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गौतम ने शुरुआती दौर में काफी संघर्ष किया। उन्होंने स्लीपवेल व शीला फोम नामक कंपनी की स्थापना की, वह देशभर में प्रसिद्ध स्लीपवैल कंपनी की चेयरपर्सन थीं।

## मालदीव से श्रीलंका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### » पीएम विक्रमसिंघे ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत



**कोलंबो।** दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय विदेश दौरे के अंतिम दिन मालदीव से श्रीलंका पहुंच चुके हैं। कोलंबो एयरपोर्ट पर श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ईस्टर के दौरान श्रीलंका में हुए बम धमाके के बाद यहां पहुंचने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष है। उनकी इस यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका के बीच आतंकवाद, निवेश समेत कुई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इस दौरान वह पूर्व राष्ट्रपति और विपक्ष के नेता महिंदा राजपक्षे से भी मुलाकात करेंगे।

बता दें कि पीएम मोदी की यह तीसरी श्रीलंका यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 2015 और 2017 में श्रीलंका की यात्रा की थी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपला सिरिसेना ने शिरकत की थी। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री को ट्विटर के जरिए बधाई दी थी। इसी ट्वीट में ही उन्होंने पीएम मोदी को श्रीलंका आने का न्योता दिया था और लिखा था- जल्द आइए श्रीलंका में आपका स्वागत है।

इससे पहले पीएम मोदी शनिवार को मालदीव पहुंचे थे। नरेंद्र मोदी ने मालदीव की संसद में आतंकवाद को लेकर बिना नाम लिए पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला. कहा कि पानी अब सिर के ऊपर से जा रहा है।